


## कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 का 7वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल

एक तरफ जहां कंगना रनौत की फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर कमाई को तरस रही है, वहीं दूसरी ओर कार्तक आर्यन की भूल भुलैया 2 बंपर कमाई कर रही है। रिलीज के 6 दिनों के अंदर ही भूल भुलैया 2ः ने 83.25 करोड़ कमा लिए थे। 20 मई को रिलीज हुई इस फिल्म ने 7 दिन में 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भूल भुलैया 2ः को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा कियारा आडवाणी, राजपाल यादव, तबू और संजय मिश्रा समेत कई और कलाकार हैं। 65 से 80 करोड़ के बजट में बनी भूल भुलैया 2 ने पहले ही हफ्ते में अपनी लागत वसूल ली है। बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, भूल भुलैया 2 ने वीकडेज में अच्छी कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए रखी। यही वजह रही कि फिल्म ने सातवें दिन यानी पहले गुरुवार (26 मई) को 7.25 करोड़ कमाए। फिल्म ने हर सर्किट से बेहतर कमाई की है।

## पायल रोहतगी और संग्राम सिंह की होने जा रही है शादी

लॉक अप फेम पायल रोहतगी और संग्राम सिंह की शादी की डेट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पहले जुलाई में होने की ही बात कंफर्म थी लेकिन तारीख का कुछ अता-पता नहीं था। संग्राम सिंह ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जिसमें वह और पायल नजर आ रहे थे। और इसके जरिए उन्होंने ये जिक्र किया था इस साल जुलाई में शादी कर लेंगे। पहले ये तारीख 21 जुलाई बताई जा रही थी। लेकिन अब ये शादी 9 जुलाई को सम्पन्न होगी। संगाम ने बताया कि वह दोनों ही इस शादी को लेकर बहुत नर्वस हैं। हम दोनों एक्साइटेड भी हैं और नर्वस भी। हम इतने लंबे समय से साथ हैं। शादी एक महत्वपूर्ण पहलू है हमारी लाइफ का और हम एक साथ एक नई जर्नी शुरू करते हुए खुश रहने की उम्मीद करते हैं। पायल और मैं 9 जुलाई को शादी करेंगे। मेरी मां और बहन ने तारीख तय करने में हमारी मदद की है। हम एक डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे, जो कि अहमदाबाद या उदयपुर होगा। इसमें कम लोग ही शामिल होंगे। संग्राम सिंह का कहना है कि वह अपने दोस्तों के लिए मुंबई में एक रिसेप्शन पार्टी होस्ट करेंगे। बता दें कि इन दोनों की मुलाकात, स्टार प्लस पर आने वाले रियलिटी शो सर्वाइवर इंडिया में मिले थे। 2011 में आए इस शो के दौरान ही इन्हें प्यार हो गया था।

## आर्यन खान को क्लीनचिट, ड्रग्स केस में एनसीबी को नहीं मिले कोई सबूत



मुंबई क्रूज ड्रग्स केस में शाहरुख खान और गौरी खान के बेटे आर्यन खान को बड़ी राहत मिली है। एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) ने ड्रग्स मामले में शुक्रवार को आर्यन खान को क्लीनचिट दे दी है। इस हाई प्रोफाइल ड्रग्स केस में 6 महीने बाद एनसीबी ने 6 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें 20 में से 14 आरोपियों के खिलाफ NDPS Act की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आर्यन खान समेत बाकी के 6 आरोपियों को सबूत नहीं मिलने के अभाव में क्लीनचिट दे दी गई है। दिलचस्प है कि आर्यन खान के दोस्त अरबाज मर्चेंट को एनसीबी ने दोषी माना है और उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। अरबाज ही वह शख्स थे, जिनके साथ आर्यन उस रात क्रूज पर गए थे। एनसीबी को अरबाज के पास से ही बेहद कम मात्रा में ड्रग्स का पैकेट मिला था। ड्रग्स केस में आर्यन खान समेत 8 लोगों को 2 अक्टूबर 2021 को मुंबई से गोवा जा रही ब्वतकमसपं ब्तनपेम शिप से पकड़ा गया था। इसके अगले दिन यानी 3 अक्टूबर को एनसीबी ने आर्यन खान और उनके दोस्त अरबाज मर्चेंट के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आर्यन खान को करीब 28 दिन तक आर्थर रोड जेल में भी रहना पड़ा था।

# ठंड के मारे जम गई थीं माधुरी, टीम ने ऐसे बचाई थी जान

*बॉलिवुड में एक ऐसा दौर था, जब ज्यादातर गानों की शूटिंग किसी ठंडे इलाके में होती थी। वहां पर शूटिंग करना, ऐक्ट्रेसेस के लिए किसी टॉर्चर से कम नहीं होता था। क्योंकि ऐक्टर्स को तो कोट-पैंट, स्वेटर-जैकेट सब पहना दिया जाता था, ताकि उन्हें सर्दी न लगे, लेकिन ऐक्ट्रेसेस पतली सी शिफॉन साड़ी में ठिठुरती-कांपती जैसे-तैसे कर सीन शूट करती थीं। उस समय ये चलन बहुत कॉमन था। कुछ ऐसी ही स्थिति से माधुरी दीक्षित भी गुजरी थीं। लेकिन उनके साथ एक हादसा होते-होते बचा था। ठंड की वजह से उनके होंठ जमकर नीले पड़ गए और टीम को आनन-फानन में डॉक्टर को बुलाना पड़ गया था।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**ठंड से जम गए थे होंठ, बुलाना पड़ा डॉक्टर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माधुरी दीक्षित ने पतली सी साड़ी पहनी थी। शूटिंग दोपहर में शुरू हुई थी, लेकिन देखते ही देखते शाम होने लगी और ठंड बढ़ गई। कोरियोग्राफर फराह खान ने गानें के बोल से लिपसिंक करने को कहा तो माधुरी ऐसा नहीं कर पाईं, क्योंकि सर्दी की वजह से उनके होंठ हिल ही नहीं पा रहे थे। वो पूरी तरह से जम गई थीं। ऐसे में टीम ने तुरंत डॉक्टर को बुलाया। उन्होंने तुरंत पैकअप करने को कहा और बताया कि उनके होंठ ठंड की वजह से नीले पड़ गए थे।

**अगले दिन इस तरह से पूरी की शूटिंग**

हालांकि, अगले दिन माधुरी को थोड़ा आराम मिला और उन्होंने फिर से शूटिंग शुरू की। लेकिन इस बार पूरी टीम ने उनका खास ख्याल रखा। लोकेशन पर हीटर लगाए गए थे। उन्हें गर्मी मिलती रहे, इसलिए उनके आसपास लोग चादर लेकर खड़े थे। माधुरी ने पतली सी साड़ी पहनकर फटाफट शूटिंग खत्म की थी।



**कोयला की शूटिंग में भी हुआ था बुरा हाल**

इससे ठीक 3 साल पहले माधुरी दीक्षित और शाहरुख खान की कोयला मूवी आई थी। ये फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन इसके गानें लोगों की जुबां पर छा गए थे। इस फिल्म का एक सॉन्ग श्देखा तुझे तो हो गई दीवानी की शूटिंग भी पहाड़ों में हुई थी। वहां शाहरुख ने तो लंबे कोट पहनकर खुद को ठंड से बचा लिया था, लेकिन माधुरी का लहंगा-चोली में बुरा हाल हो गया था।

**कोयला में शाहरुख संग भी हुआ था हादसा**

ऐसा नहीं था कि सिर्फ ऐक्ट्रेसेस के साथ शूटिंग के दौरान ऐसा कुछ होता था। ऐक्टर्स को भी कई बार ऐसे सीन करने पड़ते थे, जहां उनकी जान पर बन आती थी। श्कोयलाश फिल्म के दौरान शाहरुख के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था। एक सीन था, जिसमें एक हेलिकॉप्टर शाहरुख का पीछा कर रहा होता है। शॉट ये था कि हेलिकॉप्टर को शाहरुख के पास से गुजरना था और उन्हें कलाबाजी खानी थी। लेकिन इसी दौरान हेलिकॉप्टर उनके काफी करीब आ गया था और शाहरुख जमीन पर गिर गए थे। गनीमत ये रही कि उन्हें ज्यादा चोट नहीं लगी थी।

# मुझे कई बार शर्म आती है, मैं देश की भाषाओं को नहीं समझ पाता

*बॉलिवुड और साउथ में हिंदी भाषा को लेकर कुछ दिन पहले मामला गर्माया हुआ था। अजय देवगन और किच्चा सुदीप से शुरू हुए इस विवाद ने काफी तूल पकड़ लिया था। जिसके बाद इसमें पीएम नरेंद्र मोदी को भी बीच में बोलना पड़ा था। अब डायरेक्टर प्रकाश झा ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। अपकमिंग वेब सीरीज आश्रम 3 के प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्होंने हिंदी समते अन्य भारतीय भाषाओं के बारे में अपने विचार रखे हैं। कहा है कि उन्हें कई बार तो शरम आती है कि वह अपने ही देश की भाषाओं को समझ नहीं पाते हैं।*



प्रकाश झा ने कहा, हर भाषा अपना महत्व रखती है। और हिंदी हमारे देश में लगभग हर जगह बोली और समझी जाती है। यह एक आम परिचालन की भाषा है। तो उसका अपना स्थान है उसी वजह से। लेकिन हमें बाकी जितनी भी भाषाएं हैं देश में, सब इतनी सम्पुष्ट हैं, गंभीर हैं और सबमें इतना साहित्य है कि हम किसी को नकार नहीं सकते। चाहे वह पंजाबी हो, तमिल हो, तेलुगू हो, मराठी हो, मलायलम हो, बंगाली हो, गुजराती हो जितनी भी भाषाएं हैं हमारे यहां, उन सभी का अपना मान है। अपना मोल है। और हमें सबको मानना चाहिए। मुझे तो कई बार शरम आती है कि मैं अपने ही देश की भाषाओं को नहीं समझ पाता हूं, नहीं बोल पाता हूं कुछ भाषाओं को। मेरा प्रयास रहता है कि मैं जहां जाऊं वहां से कुछ सीखकर आऊं। कोशिश रहती है, तो इस सुंदर से देश में जहां इतने सारे सुंदर भाषाएं हैं, भोजन हैं, संस्कृति है, परिवेश है, सबका मान है। तभी तो मिलकर हम कहते हैं कि देश हमारा है। गुलदस्ता है।

**यहां से शुरू हुआ था हिंदी भाषा विवाद**

बता दें कि ऐक्टर किच्चा सुदीप ने कहा था कि हिंदी अब एक राष्ट्रभाषा नहीं रह गई है। इस पर अजय देवगन ने ट्वीट किया था, किच्चा सुदीप मेरे भाई, आपके अनुसार अगर हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है तो आप अपनी मातृभाषा की फिल्मों को हिंदी में डब करके क्यूं रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्रीय भाषा थी, है और हमेशा रहेगी। जन गण मन। इसके बाद सुदीप ने दोबारा रिऐक्ट किया और बताया कि मैंने अपनी बात को किसी दूसरे संदर्भ में कहा था। इसी के बाद सोनू सूद, सोनू निगम जैसे चर्चित कलाकारों ने अपनी बात भी रखी थी।